gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 अक्टूबर 2020

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

8-14 अक्टूबर 2020

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दुसरे **सप्ताह** (8-14) **अक्टूबर** 2020 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. बैंक से लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज (LAS) प्राप्त करने वाले ग्राहकों के लिए किस बैंक ने डेबिट कार्ड सुविधा शुरू की है ______**ICICI बैंक।**

नोट:

- डेबिट कार्ड वीजा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस लॉन्च के साथ, ICICI बैंक ऐसी सुविधा प्रारंभ करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया।
- LAS डेबिट का उपयोग सभी घरेलू व्यापारिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों द्वारा अपनी स्वीकृत LAS राशि का उपयोग करके ई-कॉमर्स पोर्टल पर भुगतान जैसे POS और ऑनलाइन लेनदेन करने के लिए किया जा सकता है।

2. किस ई-कॉमर्स कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर आरक्षित रेल टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करने हेतु 'भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम' (IRCTC) के साथ भागीदारी की है______**अमेजन।**

नोट:

- इस लॉन्च के साथ, ई-कॉमर्स कंपनी के डिजिटल भुगतान शाखा 'अमेजन पे' ने एक अन्य यात्रा श्रेणी जोड़ी है, जिससे वह अपने ग्राहकों को फ्लाइट, बस और ट्रेन टिकट बुक करने के लिए वन-स्टॉप-शॉप प्रदान करेगा।
- इस नई सुविधा के साथ, उपयोगकर्ता अमेजन ऐप पर सभी ट्रेन श्रेणी में सीट और कोटा उपलब्धता की जांच कर पाएंगे।

3. तीसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों को कितनी धनराशि उधार लेने के लिए मांग के अनुसार प्राप्य टार्गेटेड लॉन्ग-टर्म रेपो ऑपरेशन्स (TLTRO) की शुरुआत करेगा_______**1 ट्रिलियन रुपये।**

नोट:

- LAF के तहत रिवर्स रेपो दर को 3.35% पर अपरिवर्तित रखा गया है।
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर को 4.25% पर अपरिवर्तित रखा गया है।

4. विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की GDP के कितने प्रतिशत तक संकुचित होने का अनुमान लगाया है________**9.6%।**

नोट:

- विश्व बैंक ने पहले जून में भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 3.2% तक संकुचित होने का अनुमान लगाया था।
- विश्व बैंक ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस' जारी की, जिसमें कहा गया है कि देश की आर्थिक स्थिति बीते किसी भी समय की तुलना में बहुत खराब है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. किस बैंक ने को-ब्रांडेड फॉरेक्स कार्ड लॉन्च करने के लिए भारत के संपूर्ण-सेवा कैरियर विस्तारा के साथ साझेदारी की है________**एक्सिस बैंक।**

नोट:

- यह एक को-ब्रांडेड फॉरेक्स कार्ड के लिए एक बैंक और एक भारतीय एयरलाइन के बीच पहली साझेदारी है।
- मल्टी करेंसी फॉरेक्स कार्ड ग्राहकों को कैशलेस और चिंता मुक्त तरीके से अंतर्राष्ट्रीय स्थलों की यात्रा करने में सक्षम बनाता है।

6. आवास एवं शहरी कार्यक्रम मंत्रालय ने पीएम स्वनिधि पोर्टल और किस बैंक के ई-मुद्रा पोर्टल के बीच एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) समेकन का शुभारंभ किया_________**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के एक भाग के रूप में योजना दो पोर्टल के बीच सहज डेटा प्रवाह की सुविधा प्रदान करेगी। योजना के तहत कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को इसका लाभ मिलेगा।

7. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARAD) ने गुजरात के विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता का विस्तार करने हेतु किस बैंक के साथ तीन समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं________**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- नाबार्ड के चेयरमैन जी.आर. चिंटला की उपस्थिति में गुजरात में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डी.के. मिश्रा और SBI अहमदाबाद मंडल के मुख्य महाप्रबंधक दुखबंधु राठ के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए।

8. किस निओबैंक ने 60 मिलियन लघु व्यवसाय मालिकों के लिए मोबाइल पर भारत का पहला 'वित्तीय नियंत्रण केंद्र' शुरू किया है_______ **Chqbook.**

नोट:

- इस लॉन्च के साथ, Chqbook बड़े पैमाने पर अनर्जित वर्ग को विश्व स्तरीय वित्तीय सेवाएं प्रदान करेगा।
- Chqbook का मोबाइल एप्लिकेशन छोटे व्यवसायों को रोजमर्रा की वित्तीय जरूरतों को प्रबंधित करने और अन्य वित्तीय उत्पादों तक पहुंच प्रदान करने की शक्ति देगा, जो उन्हें समय, मेहनत और धन बचाने में मदद करता है।

9. रिजर्व बैंक ने देश के विदेशी मुद्रा और स्वर्ण भंडार के प्रबंधन के लिए NGTA पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। NGTA में 'G' का अर्थ है ________**Generation.**

नोट:

- NGTA का पूरा नाम Next Generation Treasury Application है।
- अपने कार्यों में सुधार लाने के लिए, रिजर्व बैंक ने देश की विदेशी मुद्रा और स्वर्ण भंडार के प्रबंधन हेतु Next Generation Treasury Application (NGTA) पर अग्रसर होने का फैसला किया है।

10. मेडिकल जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, किस देश के वर्ष 2050 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है______**भारत।**

नोट:

- अध्ययन ने देशों की कार्यशील जनसंख्या का उपयोग करके GDP के लिए परिदृश्य तैयार किए हैं। इसने भविष्य के जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के संभावित आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभावों का भी आकलन किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वर्ष 2017 के संदर्भ पर आधारित अध्ययन जब भारत दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, में पूर्वानुमान किया गया है कि भारत 2030 तक संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान के बाद चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा और 2050 तक यह तीसरे स्थान पर पहुंचेगा और 2100 तक इसी स्थान पर रहेगा।

11. भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य उत्पादों के लिए पेश की गई 'कलर कोडिंग' के अनुसार, कौन सा रंग यह दर्शाता है कि पेश किया गया उत्पाद जटिल है और इसे अच्छी तरह से समझने की आवश्यकता है______ **लाल।**

नोट:

- सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा पेश किया गया प्रत्येक स्वास्थ्य बीमा उत्पाद जटिलता दर्शाने के लिए हरे, नारंगी और लाल रंगों का उपयोग करेगा। हरा रंग यह संकेत देगा कि पेश किया गया उत्पाद सरल और समझने में आसान है। लाल- उत्पाद जटिल है और इसे अच्छी तरह से समझने की आवश्यकता है।

12. किस टेक्नोलॉजी कंपनी ने अगली पीढ़ी की तकनीक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), डेटा साइंस और क्लाउड कम्प्यूटिंग में विद्यार्थियों, शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) के साथ भागीदारी की है ________ **माइक्रोसॉफ्ट।**

नोट:

- माइक्रोसॉफ्ट से ▯1,500 कोर्स मॉड्यूल विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध होंगे। यह AICTE के ई-लर्निंग पोर्टल ELIS (इन्हैंसमेंट इन लर्निंग विद इम्प्रूवमेंट इन स्किल्स) के माध्यम से उपलब्ध होगा।
- एक संवादात्मक अध्ययन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट AICTE के विद्यार्थियों के लिए लाइव वेबिनार आयोजित करेगा।

13. मास्टरकार्ड ने वीडियो नो योर कस्टमर (KYC) को दुनिया भर में शुरू करने के लिए किस RegTech स्टार्टअप के साथ साझेदारी की है______ **Signzy.**

नोट:

- इस साझेदारी के साथ मास्टरकार्ड के ग्राहक, लक्ष्य उपयोक्ता के लिए पूर्णतया कागजरहित, सुदूर और सुरक्षित ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन से लाभान्वित होंगे।
- यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित है।

14. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा प्रकाशित वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था कितने प्रतिशत तक संकुचित होगी______ **10.3 प्रतिशत।**

नोट:

- हालांकि, IMF ने भारत की GDP वर्ष 2021-22 में पूर्व में अनुमानित 6 प्रतिशत की तुलना में 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, यह सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त करेगी।
- वहीं दूसरी ओर, IMF को उम्मीद है कि वर्ष 2020 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 4.4 प्रतिशत तक संकुचित होगी। यह पूर्वानुमान पहले -5.2 प्रतिशत था।

15. किस बैंक ने गूगल पे के साथ साझेदारी में डिजिटल अर्थव्यवस्था में उपयोगकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ACE क्रेडिट कार्ड नामक एक नया प्रवेश स्तरीय क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है, जिसमें ________ **एक्सिस बैंक।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- इसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को एक सहज, डिजिटल अनुभव प्रदान करना है।
- कार्ड गूगल पे के सहयोग से लॉन्च किया गया है और यह वीजा (सिग्नेचर) प्लेटफॉर्म पर कार्य करेगा।

16. किस डिजिटल वॉलेट ने राइड-हीलिंग सर्विस ऐप उबर पर भुगतान विकल्प के रूप में डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म को एकीकृत करने के लिए उबर टेक्नोलॉजी के साथ भागीदारी की है________**अमेजन पे।**

नोट:

- उबर के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को कॉन्टेक्टलेस तरीके से, विशेष रूप से महामारी के दौरान, अपना लेनदेन करने की अनुमति देगी।
- यह सामरिक साझेदारी उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान परितंत्र अपनाने और इसे मजबूत करने के लिए कैशबैक ऑफर के साथ वन-क्लिक पेमेंट अनुभव प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

17. किस हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने संगठन के प्रत्येक स्तर पर दक्षता में सुधार हेतु "प्रॉजेक्ट RED" लॉन्च किया है_______**LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।**

नोट:

- LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LICHFL) ने संगठन के प्रत्येक स्तर पर दक्षता में सुधार हेतु "प्रॉजेक्ट RED" (रीइमेजिंग एक्सीलेंस थ्रू डिजिटल ट्रान्सफॉर्मेशन) की शुरुआत की है।
- हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कथन के अनुसार, प्रॉजेक्ट RED का उद्देश्य, शेयरधारकों की संपूर्ण विस्तृत श्रेणी में मूल्य निर्माण करना है, जिसमें LICHFL के कर्मचारी, शेयरधारक, व्यावसायिक सहयोगी, मौजूदा और संभावित ग्राहक शामिल हैं।

18. कौन सा बैंक तापीय और नदी परियोजनाओं के लिए जिम्बाब्वे को 310 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता प्रदान करेगा______**एक्ज़िम बैंक।**

नोट:

- अप्रैल 2019 में भारत और जिंबाब्वे की सरकारों के बीच पुन:सत्यापित / बढ़ी हुई हुए प्रॉजेक्ट लागत पर बुलेवाओ थर्मल पावर प्लांट के नवीकरण और उन्नतिकरण हेतु वित्त पोषण के लिए 23 मिलियन अमेरिकी डालर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

श्रद्धांजलियां

1. पूर्व CBI निदेशक अश्विनी कुमार का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने किन राज्यों के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया था_______ **नागालैंड और मणिपुर।**

नोट:

- उनका जन्म सिरमौर जिले के नाहन में हुआ था और वह 1973 में भारतीय पुलिस बल में शामिल हुए थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्हें हिमाचल प्रदेश कैडर आवंटित किया गया था और 1985 में शिमला में जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में काम करते हुए, उन्हें नवगठित स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) में शामिल किया गया था, जहां उन्होंने 1990 तक काम किया था।

2. प्रसिद्ध व्यक्ति विशाल आनंद का हाल ही में निधन हो गया है, वह एक अनुभवी थे__________ **फिल्म अभिनेता।**

नोट:

- उनका असली नाम भीष्मम कोहली था। वह अपने अभिनय करियर के दौरान हिंदुस्तान की कसम और टैक्सी ड्राइवर जैसी 11 हिंदी फिल्मों में दिखाई दिए।
- अभिनय के अलावा, आनंद ने चलते चलते जैसी कुछ फिल्मों का निर्देशन और निर्माण भी किया था।

3. क्रिकेटर नजीब तारकई का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश से थे______**अफगानिस्तान।**

नोट:

- उन्होंने 2014 के T-20 विश्व कप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद, अफगानिस्तान के लिए 12 ट्वेंटी 20 अंतर्राष्ट्रीय (T20I) खेले।
- उन्होंने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला।

4. केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राजनीतिक दल के अध्यक्ष थे_________**लोक जनशक्ति पार्टी।**

नोट:

- वे लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष, आठ बार के लोकसभा सदस्य और वर्तमान राज्यसभा सांसद भी थे।
- रामविलास पासवान ने अपना राजनीतिक सफर संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य के रूप में शुरू किया और 1969 में बिहार विधानसभा के लिए चुने गए।

5. प्रख्यात व्यक्ति सी.के. राजकुमार का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _________ **व्यापारी।**

नोट:

- सी.के. राजकुमार, सुजाता बायो टेक के संस्थापक और निर्वाण 90 एवं वेलवेट शैम्पू जैसे ब्रांडों के मालिक का चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।
- राजकुमार हाल ही में चेन्नई स्थित अपनी प्रयोगशाला में कोविड-19 का इलाज खोजने के लिए अपने एक प्रयोग में गड़बड़ी के बाद चर्चा में थे।

6. प्रसिद्ध व्यक्ति राजन का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे________ **संगीतकार।**

नोट:

- मैसूर से आने वाले, भाइयों राजन और नागेंद्र ने 1952 में कन्नड़ फिल्म सौभाग्य लक्ष्मी के साथ संगीत निदेशक के रूप में शुरुआत की और लगभग चार दशकों तक अत्यंत सफल कैरियर पर बने रहे।
- उन्होंने 200 से अधिक कन्नड़ और शेष तेलुगु, तमिल, तुलु और सिंहल सहित 375 से अधिक फिल्मों के लिए संगीत दिया।

7. न्यायमूर्ति के.के. उषा का निधन हो गया, वह किस उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश थीं_________**केरल उच्च न्यायालय।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्हें 2000 से 2001 तक जब केरल उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया, तो न्यायमूर्ति उषा विधिज्ञ वर्ग से उच्च न्यायालय न्यायपालिका में शामिल होने और मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला बनीं।
- न्यायमूर्ति उषा, जिनका एक न्यायाधीश और बाद में मुख्य न्यायाधीश के रूप में के रूप में विशिष्ट कैरियर था, वर्ष 1961 में एक वकील के रूप में नामांकन लेने के बाद अपने करियर की शुरूआत की।

8. भारतीय खिलाड़ी कार्लटन चैपमैन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे________**फुटबॉल।**

   नोट:
   - चैपमैन को बेंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।
   - 1990 के दशक की शुरुआत में, टाटा फुटबॉल अकादमी के खिलाड़ी चैपमैन 1993 में ईस्ट बंगाल में शामिल हुए और उसी वर्ष एशियन कप विनर्स कप में पहले दौर के मैच में इराकी क्लब अल ज़ावरा के खिलाफ अपनी टीम की 6-2 से जीत में हैट्रिक की।

9. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ सी.एम. चांग का कोविड-19 के कारण निधन हो गया, वह किस राज्य के पर्यावरण मंत्री थे______**नागालैंड।**

   नोट:
   - नागालैंड के पर्यावरण मंत्री, सी.एम. चांग का कोविड-19 के कारण निधन हो गया। वह एक सेवानिवृत्त IAS अधिकारी और पूर्व लोकसभा सांसद (2009-13) थे।
   - वह 2013 में तुएनसांग जिले के अंतर्गत 51 नोकेसेन निर्वाचन क्षेत्रों से नागालैंड विधान सभा के लिए चुने गए और बाद में 2018 में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (NDPP) के टिकट पर उसी सीट को पुन: हासिल किया।

10. भारतीय मूल की प्रसिद्ध मानवाधिकार वकील प्रिसिला जाना का निधन हो गया था, वह किस देश की नागरिक थीं________**दक्षिण अफ्रीका।**

    नोट:
    - जाना, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, दक्षिण अफ्रीकी मानवाधिकार आयोग (SAHRC) की उपाध्यक्ष थीं।
    - जाना दक्षिण अफ्रीकी विधि आयोग की सदस्य भी थीं और उन्होंने राष्ट्रपति की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया था।

11. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ विनोद कुमार सिंह का कोविड-19 के कारण निधन हो गया, वह किस राज्य सरकार में मंत्री थे _______ **बिहार।**

    नोट:
    - वह पूर्वोत्तर बिहार में कटिहार जिले के प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक थे और निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक चुने गए हैं।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारतीय वायु सेना दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है______**8 अक्टूबर।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- भारतीय वायु सेना को आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा रॉयल इंडियन एयर फोर्स के रूप में 8 अक्टूबर 1932 को स्थापित किया गया था।
- यह नाम 1950 में बदलकर भारतीय वायु सेना (इंडियन एयर फोर्स) कर दिया गया।

2. विश्व डाक दिवस प्रतिवर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ______**9 अक्टूबर।**

नोट:

- विश्व डाक दिवस का उद्देश्य लोगों और व्यवसायों के रोजमर्रा के कार्यों में डाक क्षेत्र की भूमिका और देशों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- विश्व डाक दिवस प्रत्येक वर्ष 9 अक्टूबर को स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में 1874 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के स्थापना दिवस की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है।

3. विश्व प्रवासी पक्षी दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है________**9 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस द्विवार्षिक प्रवास का उत्सव मनाएगा। दिवस का उद्देश्य प्रवासी पक्षियों और उनके संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जागरुकता फैलाना है।
- इस बार विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2020 का विषय “Birds Connect Our World” है।

4. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_________**10 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को एकजुट करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष का विषय ‘mental health for all’ है।

5. भारत में, राष्ट्रीय डाक दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_________**10 अक्टूबर।**

नोट:

- दिवस का उद्देश्य पिछले 150 वर्षों से भारतीय डाक विभाग द्वारा निभाई गई भूमिका का स्मरण करना, जिसकी स्थापना 1854 में लॉर्ड डलहौजी द्वारा की गई थी।

6. अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है________**11 अक्टूबर।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और बालिका सशक्तीकरण को बढ़ावा देने तथा उनके मानवाधिकारों की पूर्ति की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2020 का विषय “My voice, our equal future” है।

7. विश्व गठिया दिवस प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है ________**12 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस सूजन जैसी स्थिति गठिया के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है, जो जोड़ों में दर्द तथा अकड़न उत्पन्न करती है और उम्र के साथ बढ़ती जाती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस दिवस की शुरुआत गठिया के विषय में जागरूकता फैलाने और गठिया के बोझ को कम करने में मदद करने के लिए नीति निर्माताओं को प्रोत्साहित करने हेतु 1996 में आर्थ्राइटिस एंड रूमटिज़्म इंटरनेशनल (ARI) द्वारा की गई थी।

8. संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाता है ________**13 अक्टूबर।**

नोट:

- यह दिवस दुनिया भर में लोग और समुदाय कैसे आपदाओं के जोखिम को कम कर रहे हैं, इस पर जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।
- इस दिवस को विश्व आपदा नियंत्रण दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष, 2020 में, दिवस को "Disaster Risk Governance" विषय के तहत मनाया गया।

9. विश्व मानक दिवस 2020 का विषय क्या है _______ **Protecting the planet with standards.**

नोट:

- दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था के मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- विश्व मानक दिवस 2020 का विषय “Protecting the planet with standards” है।

नई नियुक्तियां

1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का नया डिप्टी गवर्नर किसे नियुक्त किया गया________**एम. राजेश्वर राव।**

नोट:

- इससे पहले, एम. राजेश्वर राव RBI में कार्यकारी निदेशक थे।
- उन्होंने केंद्रीय बैंक के चौथे डिप्टी गवर्नर के रूप में एन.एस. विश्वनाथन की जगह ली।
- एन.एस. विश्वनाथन ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जून में अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले मार्च 2020 में पद से इस्तीफा दे दिया था।

2. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) का अध्यक्ष किसे चुना गया______**नीलेश शाह।**

नोट:

- उन्हें पहले 2019 - 2020 के लिए अध्यक्ष चुना गया था। नीलेश शाह AMFI के अध्यक्ष होने के नाते AMFI वित्तीय साक्षरता समिति के पदेन अध्यक्ष भी बने रहेंगे।
- ये निर्णय SEBI द्वारा पंजीकृत म्युचुअल फंड की उद्योग संस्था AMFI ने अपनी बोर्ड बैठक में लिया।

3. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी किसे नियुक्त किया गया________**जे. वेंकटरामू।**

नोट:

- जे. वेंकटरामू को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह सुरेश सेठी की जगह लेंगे, जो मार्च 2020 तक इस पद पर थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वेंकटरामू वर्तमान में इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक में मुख्य डिजिटल अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें तीन वर्ष की अवधि के लिए IPPB के MD और CEO के पद पर नियुक्त किया गया है।

4. मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (MOHFL) का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी किसे नियुक्त किया गया __________ **अरविंद हाली।**

नोट:

- मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MOFSL) ने अरविंद हाली को अपनी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (MOHFL) का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।
- कंपनी ने अमर बहल को अपना उप प्रबंध निदेशक और COO नियुक्त किया।

5. रामविलास पासवान के निधन के बाद उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार किन्हें सौंपा गया_______**पीयूष गोयल।**

नोट:

- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के निधन के बाद उनके मौजूदा विभागों के अतिरिक्त उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- गोयल वर्तमान में केंद्रीय रेल मंत्री और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री हैं।

6. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बिजनेस स्कूल का डीन किसे नियुक्त किया गया_____**श्रीकांत एम. दातार।**

नोट:

- दातार एक अन्य भारतीय-अमेरिकी नितिन नोहरिया की जगह लेंगे और राकेश खुराना, जो हार्वर्ड कॉलेज के प्रमुख हैं, के साथ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल के दूसरे डीन होंगे।
- दातार प्रतिष्ठित स्कूल के 11वें डीन होंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. कौन सा भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) शीघ्र ही ग्रामीणों के लिए आरंभिक परियोजना के रूप में एक ई-लर्निंग हब और पुस्तकालय शुरू करेगा________ **IIM कोझीकोड।**

नोट:

- कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते व्यवसायों के लिए ज्ञान और कार्यप्रणाली प्रदान करके समाज और शैक्षणिक प्रणाली के बीच एक चक्र बनाना है।
- उन्नत भारत अभियान मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) का एक प्रमुख कार्यक्रम है। उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों को कम से कम पांच गांवों के समूह से जोड़ना है।

2. भारत के प्रीमियम कॉटन को दिया गया नाम __________ **कस्तूरी कॉटन।**

नोट:

- अब भारत के प्रीमियम कॉटन को विश्व कपास व्यापार में 'कस्तूरी कपास' के रूप में जाना जाएगा। कस्तूरी कॉटन ब्रांड सफेदी, चमक, कोमलता, शुद्धता, ओज, विशिष्टता और भारतीयता को दर्शाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- भारत कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और दुनिया में कपास का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। यह प्रतिवर्ष लगभग छह मिलियन टन कपास का उत्पादन करता है जो वैश्विक कपास उत्पादन का लगभग 23 प्रतिशत है। भारत दुनिया के कुल जैविक कपास उत्पादन के लगभग 51 प्रतिशत का उत्पादन करता है।

3. ध्रुव स्पेस का मुख्यालय कहां स्थित है जिसने अंतरिक्ष श्रेणी में राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2020 प्राप्त किया__________**चेन्नई।**

नोट:

- 12 क्षेत्रों में 35 श्रेणियों और 3 विशेष श्रेणियां में से प्रत्येक में एक सहित कुल 38 स्टार्टअप को सम्मानित किया गया।
- जीतने वाले स्टार्टअप के संस्थापकों को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और अपने समाधान प्रासंगिक सार्वजनिक प्राधिकरणों और कॉर्पोरेटों को दिखाने का अवसर मिलेगा। इन्क्यूबेटरों और प्रेरकों को विजेता राशि के रूप में 15 लाख रुपये मिलेंगे।

4. भारतीय सांकेतिक भाषा तथा प्रशिक्षण केंद्र का मुख्यालय कहां स्थित है__________**नई दिल्ली।**

नोट:

- ISLRTC सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के विकलांग व्यक्ति अधिकारिता विभाग के संरक्षण में है।
- प्रारंभ में यह केंद्र नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट फॉर फिजिकली हैंडीकैप्ड में स्थित था।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड का भौतिक वितरण शुरू किया________ **SVAMITVA.**

नोट:

- इस योजना के तहत, 'SVAMITVA योजना' के लाभार्थी संपत्ति का उपयोग ऋण और अन्य वित्तीय लाभ लेने के लिए वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में कर सकते हैं।
- SVAMITVA योजना राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल 2020) को शुरू हुई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। राज्यों में, राजस्व विभाग / भू-अभिलेख विभाग नोडल विभाग हैं और राज्य पंचायती राज विभाग के सहयोग से इस योजना को संचालित करेंगे।

6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी किसके सम्मान में 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी करेंगे______**विजया राजेसिंधिया।**

नोट:

- बीजेपी की संस्थापक सदस्यों में से एक, विजया राजेसिंधिया को ग्वालियर की राजमाता के रूप में प्रसिद्ध हैं।
- यह सिक्का विजया राजेसिंधिया की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जारी किया जा रहा है।
- विशेष स्मारक सिक्के समारोहों के एक भाग के रूप में वित्त मंत्रालय द्वारा बनाए जाते हैं। यह सिक्का प्रधानमंत्री द्वारा विजया राजेसिंधिया की जयंती पर जारी किया जाएगा।

7. ऑक्सफैम द्वारा जारी स्वास्थ्य खर्च सूचकांक 2020 में भारत की रैंक _____**155वीं।**

नोट:

- वैश्विक स्तर पर, रिपोर्ट में पाया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल 158 देशों में से केवल 26 देश स्वास्थ्य पर अपने बजट के अनुशंसित 15% राशि खर्च कर रहे थे। "नाइजीरिया, बहरीन और भारत, (अंतिम) जो वर्तमान में कोविड -19 के दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते प्रकोप का सामना कर रहे हैं, महामारी में होने वाली असमानताओं से निपटने में दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

8. 2020 कमिटमेंट इन रिड्यूसिंग इनइक्वालिटी (CRI) इंडेक्स में भारत की रैंक________**129वीं।**

नोट:

- रिपोर्ट के अनुसार, महामारी के दौरान भारत ने अपने बजट का केवल 4 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च किया है, जो दुनिया में चौथा न्यूनतम है।
- नाइजीरिया, बहरीन और भारत महामारी के दौरान असमानता से निपटने में दुनिया के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में से हैं।
- स्वास्थ्य पर बजट के 4% के साथ, स्वास्थ्य खर्च सूचकांक पर भारत को 155वां (नीचे से चौथा) स्थान दिया गया है।

9. भारत के नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किस देश के साथ करार किया______**ताइवान।**

नोट:

- विचारक समूह (थिंक टैंक) हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय वार्ता को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त कार्य बल का गठन करेगा। वे संयुक्त अनुसंधान भी करेंगे और सहयोग का विस्तार करेंगे।
- एशिया एक्सचेंज फाउंडेशन प्रत्यक्ष संवाद आयोजित करने हेतु भारत में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए कोविड -19 यात्रा प्रतिबंधों के समाप्त होने की प्रतीक्षा कर रहा है। फाउंडेशन, युशान फोरम का आयोजक है।

10. किस संस्थान और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) ने संयुक्त रूप से यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एनर्जी पार्टनरशिप (SEP) के तहत इंडिया एनर्जी मॉडलिंग फोरम (IEMF) की शुरुआत की ________**नीति आयोग।**

नोट:

- IEMF का उद्देश्य भारतीय शोधकर्ताओं, ज्ञान साझेदारों, विचारक समूहों और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सरकारी एजेंसियों और विभागों को दीर्घकालिक ऊर्जा नियोजन में शामिल करना है।
- संधारणीय विकास यूएस-इंडिया SEP के चार स्तंभों में से एक है जो तीन प्रमुख गतिविधियों ऊर्जा डेटा प्रबंधन, ऊर्जा मॉडलिंग और निम्न कार्बन प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के लिए आवश्यक है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक कल्याण के लिए प्रौद्योगिकी का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु 'डिजिटल सेवासेतु' कार्यक्रम की घोषणा की_______**गुजरात।**

नोट:

- 'डिजिटल सेवासेतु' कार्यक्रम के तहत, राज्य की ग्राम पंचायतों को एक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़कर सभी 14,000-ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक कल्याण की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

2. किस राज्य सरकार ने "किसान रथ" नामक एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है जो अपने इंटरफेस में 10,000 से अधिक किसानों, 50 किसान-उत्पादक संगठनों और 1,000 सत्यापित कृषि व्यापारियों को जोड़ता है_________**असम।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ऐप को राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) असम द्वारा विशिष्ट रूप से निर्मित किया गया है।
- यह 3 भाषाओं- असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।
- पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि सिचाई योजना, फसल बीमा योजना, केसीसी आदि ने देश में कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है और कृषि को एक गरिमापूर्ण व्यापार बनाया है।

3. किस राज्य सरकार ने "मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना" शुरू की है__________ **उत्तराखंड।**

   नोट:
   - इस योजना का उद्देश्य युवाओं के स्वरोजगार और हरित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देना है।
   - नियोजित लाभार्थियों में युवा और प्रवासी श्रमिक शामिल हैं, जो महामारी के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में नौकरी छोड़कर घर वापस आए हैं।

4. किस राज्य सरकार ने अपनी नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के तहत अपने बैटरी चालित वाहनों पर रोड टैक्स में छूट दी है__________ **दिल्ली।**

   नोट:
   - दिल्ली सरकार ने अपनी नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के तहत बैटरी चालित वाहनों पर रोड टैक्स में छूट दी है।
   - परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल ने सभी बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल पर लगाए गए कर को तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया।

5. किस राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत राज्य में जल गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए “लैब ऑन व्हील्स” लॉन्च किया है______ **हरियाणा।**

   नोट:
   - हरियाणा के जल की गुणवत्ता मुख्य रूप से फ्लोराइड, आयरन, नाइट्रेट और क्षारीयता से प्रभावित है।
   - लैब ऑन व्हील्स एक गतिशील प्रयोगशाला है। गतिशील प्रयोगशाला की शुरुआत जल जीवन मिशन के तहत की गई है।
   - गतिशील प्रयोगशाला क्षारीयता, कठोरता, क्लोरीन, नाइट्रेट, जिंक, मैलापन, PH और अन्य सूक्ष्म जीव परीक्षण करेगी।

6. सार्वजनिक शिक्षा को पूरी तरह से डिजिटल बनाने वाला देश का पहला राज्य______**केरल।**

   नोट:
   - केरल में सार्वजनिक शिक्षा को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की परियोजना को केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन द्वारा लागू किया गया था।
   - केरल में 16,027 स्कूलों में लगभग 3,74,274 डिजिटल सेवाओं का वितरण किया गया।
   - इस परियोजना ने प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर 11,275 से अधिक स्कूलों में उच्च तकनीकी प्रयोगशालाएं स्थापित कीं।

7. राज्य में किसानों के उत्थान के लिए वेलफेयर फंड बोर्ड बनाने का निर्णय लेने वाली किस देश की पहली राज्य सरकार_______**केरल।**

   नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- राज्य मंत्रिमंडल ने 'केरल कार्षका क्षेमनिधि बोर्ड' नामक बोर्ड का गठन करने का फैसला किया।
- किसानों को बोर्ड का सदस्य बनने के लिए, उन्हें पंजीकरण शुल्क के रूप में 100 रुपये और मासिक शुल्क 100 रुपये का भुगतान करना होगा। सरकार वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों को 250 रुपये तक का बराबर हिस्सा प्रदान करेगी।

8. मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक टोल-फ्री सरकारी हेल्पलाइन "मन संवाद" किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी_____**राजस्थान।**

नोट:

- कोरोनावायरस अवधि के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हेल्पलाइन 1800-180-0018 शुरू की गई।
- हेल्पलाइन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्या वाले रोगियों को नि:शुल्क टेली-परामर्श की सुविधा प्रदान की जा रही है।

9. देश के पहले और अनूठे अभियान में किस राज्य के कृषि विभाग ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना (PM-KISAN) योजना में किसानों को नामांकित करने के लिए डाक विभाग के साथ सहयोग किया है_______**गोवा।**

नोट:

- हर चार महीने में 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तें किसानों के खाते में हस्तांतरित की जाती हैं। योजना परिवार को पति, पत्नी और नाबालिग बच्चों के रूप में परिभाषित करती है।
- स्थानीय पोस्टमैन जिन्हें हम अब तक अपने दरवाजे पर डाक पहुंचाते हुए देखते आए हैं, राज्य के उन 11,000 किसानों के लिए फार्म भरेंगे जो विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इस योजना के लिए पात्र हैं।

10. बहु-राष्ट्रीय खाद्य तथा पेय कंपनी पेप्सिको किस राज्य में एक ग्रीनफील्ड पोटैटो चिप्स उत्पादन इकाई स्थापित कर रही है ________**उत्तर प्रदेश।**

नोट:

- कोसी - मथुरा में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA) द्वारा प्रदान की गई 35 एकड़ भूमि पर इकाई स्थापित की जा रही है।
- इकाई, जिसके अगले वर्ष के मध्य तक व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1,500 कर्मचारियों को रोजगार प्रदान करेगी।

11. एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा होलॉन्गी हवाई अड्डा किस राज्य में बनाया जा रहा है__________ **अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- 4,100 वर्ग मीटर के क्षेत्र के साथ नया घरेलू हवाई अड्डा होलॉन्गी हवाई अड्डा व्यस्ततम समय के दौरान 200 यात्रियों को संभालेगा।
- टर्मिनल वर्षा जल संचयन प्रणाली और स्थायी परिदृश्य के साथ नियोजित एक ऊर्जा दक्ष इमारत होगी। परियोजना के पूरा होने का संभावित समय नवंबर, 2022 है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. कौन सा वैश्विक संगठन गाइडेंस के सहयोग से संयुक्त रूप से देश का अपनी तरह का पहला उन्नत विनिर्माण केंद्र (AMHUB) स्थापित करेगा_______**वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम।**

नोट:
- AMHUB एक उन्नत विनिर्माण केंद्र है और यह देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है। गाइडेंस तमिलनाडु राज्य की नोडल निवेश संवर्धन एजेंसी है।
- AMHUB सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और टेक्सटाइल्स के क्षेत्रों में राज्य की सहायता करेगा।
- यह चौथी औद्योगिक क्रांति द्वारा सामने लाए गए क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करके तमिलनाडु के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

2. किस देश ने एक नई हाइपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल ज़िरकॉन का सफल परीक्षण किया________**रूस।**

नोट:
- रूसी आर्कटिक में श्वेत सागर में एडमिरल गोर्शकोव फ्रिगेट से ज़िरकॉन मिसाइल दागी गई थी और उसने लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया।
- रूस कई "अजेय" हथियारों को विकसित करने का दावा करता है जो मौजूदा प्रणालियों से श्रेष्ठ हैं और इसमें सरमट अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें और ब्यूरेस्टनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं।
- पहली अवेंजर्ड हाइपरसोनिक मिसाइलों को पिछले वर्ष दिसंबर में सेवा में रखा गया था।

3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस देश के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ाना, संकटपूर्ण अवसंरचना, साइबर स्पेस की सुरक्षा और संचार नेटवर्क के खतरों को कम करना है ______**जापान।**

नोट:
- कैबिनेट द्वारा समझौते को मंजूरी चीन से साइबर हमले को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुई है, विशेषकर भारत द्वारा चीनी लिंक वाले 100 से अधिक मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाने के बाद।

4. FIS की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा देश प्रतिदिन 41 मिलियन लेनदेन के साथ वास्तविक समय वित्तीय लेनदेन में वैश्विक रूप से अग्रणी बन गया है______**भारत।**

नोट:
- FIS की नवीनतम रिपोर्ट कहती है कि कोविड -19 महामारी ने भारत को अपने प्रतिदिन वास्तविक समय के लेनदेन को 41 मिलियन पर दोगुना करते हुए देखा है।
- FIS वैश्विक स्तर पर व्यापारियों, बैंकों और पूंजी बाजार कंपनियों के लिए एक शीर्ष प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता है।
- जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, छह अन्य देशों ने भी वर्ष-दर-वर्ष अपने वास्तविक समय के भुगतान लेनदेन को दोगुना से अधिक पाया, जबकि चार ने लेनदेन मूल्य में न्यूनतम दो गुना वृद्धि देखी।

5. सबाह अल खालिद अल सबाह ने किस देश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया______**कुवैत।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने 2019 में प्रधानमंत्री का पदभार संभाला।
- उन्होंने 1978 में अपने करियर की शुरुआत विदेश मामलों के मंत्रालय में की, जहां उन्होंने विभिन्न पदों पर काम किया और संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी मिशन के सदस्य (1983-1989) भी रहे।

6. ब्लू फ्लैग प्रोग्राम फाउंडेशन फॉर एनवायर्नमेंटल एजुकेशन (FEE) के तत्वावधान में संचालित है, इसका मुख्यालय कहां स्थित है_______ **कोपेनहेगन, डेनमार्क।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय ब्लूफ्लैग प्रमाणन प्राप्त करने वाले समुद्र तट (बीच) द्वारका गुजरात में शिवराजपुर बीच, दीव में घोघला बीच, कर्नाटक में कसारकोड और पदुबिद्री, केरल में कप्पड़, आंध्र प्रदेश में ऋषिकोंडा, ओडिशा में गोल्डन बीच और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में राधानगर समुद्र तट हैं।
- प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग समुद्र तटों के लिए दुनिया के सबसे मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक पुरस्कारों में से एक है।

7. फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, कौन सा देश "ग्रे लिस्ट" में बना रहेगा________**पाकिस्तान।**

नोट:

- FATF के एशिया-प्रशांत समूह ने "फॉलो अप रिपोर्ट ऑन म्यूचुअल इवैल्युएशन ऑफ पाकिस्तान" नामक एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।
- रिपोर्ट अपनी तरह की पहली रिपोर्ट है। पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने का फैसला इसी रिपोर्ट के आधार पर लिया गया था।

8. किस देश ने बलात्कार के लिए सजा-ए-मौत आरंभ की है__________**बांग्लादेश।**

नोट:

- पुरुषों के एक समूह द्वारा एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार और हमला करने की एक फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देश भर में प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया।
- इस क्लिप ने दक्षिण एशियाई देश में कोहराम मचा दिया, जहां कार्यकर्ताओं का कहना है कि यौन उत्पीड़न के पीड़ितों में से कुछ को ही न्याय मिलता है।
- इससे पहले, बलात्कार के लिए अधिकतम सजा उम्रकैद थी।

9. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) 2021 की वार्षिक बैठक किस शहर में आयोजित की जाएगी______**लुसेर्न।**

नोट:

- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) ने कहा कि वह अपनी वार्षिक बैठक 2021 को जनवरी के अंत में स्की रिसॉर्ट, दावोस शहर के पारंपरिक स्थल के बजाय स्विट्जरलैंड के लुसेर्न-बर्गेनस्टॉक में 18 से 21 मई तक आयोजित करेगा।
- कार्यक्रम और स्थान में परिवर्तन कोविड-19 महामारी के चलते आवश्यक था।

10. आनुवांशिक रुप से संशोधित गेहूं को मंजूरी देने वाला विश्व का पहला देश _______**अर्जेंटीना।**

नोट:

- सूखा प्रतिरोधी HB4 गेहूं की किस्म अर्जेंटीना की जैव प्रौद्योगिकी कंपनी बायोसेरेस द्वारा विकसित की गई थी, जो राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और कोनिसेट के साथ काम कर रही थी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- बायोसेरेस HB4 गेहूं सूखा प्रतिरोधी है और हर्बिसाइड ग्लूफ़ोसिनेट सोडियम को सहन करता है, यह एक ऐसा संयोजन जिसके विषय में कंपनी का कहना है कि यह सूखा पड़ने पर पैदावार बढ़ाने में मदद कर सकता है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. किस व्यक्ति समूह ने रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार 2020 जीता_________**इमैनुएल कारपेंटियर और जेनिफर ए. डूडना।**

   नोट:

   - रसायन विज्ञान में 2020 का नोबेल पुरस्कार इमैनुएल कारपेंटियर और जेनिफर ए. डूडना को "जीनोम एडिटिंग की एक विधि के विकास" हेतु प्रदान किया गया है।
   - रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज, स्टॉकहोम, स्वीडन द्वारा प्रदान किया जाता है।

2. काव्य रचना 'सेतेबेलाकु नाथिबा' के लिए प्रतिष्ठित सरला पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया जाएगा________ **नित्यानंद नायक।**

   नोट:

   - कवि को 5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।
   - राज्य के दो अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति - रंजीत कुमार नाग और श्यामसुंदर पटनायक को क्रमशः संगीत और कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।
   - नाग को इला पंडा संगीत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पटनायक को इला पंडा चित्रकला सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

3. साहित्य के नोबेल पुरस्कार से किन्हें सम्मानित किया गया________**लुईस ग्लुक।**

   नोट:

   - साहित्य में नोबेल पुरस्कार स्वीडिश एकेडमी, स्टॉकहोम, स्वीडन द्वारा प्रदान किया जाता है।
   - अमेरिकी कवियित्री लुईस ग्लुक का जन्म 1943 में न्यूयॉर्क में हुआ था और वह कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में रहती हैं।
   - उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं, उनमें से पुलित्जर पुरस्कार (1993) और नेशनल बुक अवॉर्ड (2014) कुछ हैं।

4. अर्थशास्त्र के लिए 2020 का नोबेल पुरस्कार पॉल आर. मिलग्रोम और रॉबर्ट बी. विल्सन को किस आर्थिक सिद्धांत में सुधार के लिए दिया गया___________ **नीलामी के सिद्धांत।**

   नोट:

   - उन्हें नीलामी के सिद्धांत (ऑक्शन थ्योरी) में सुधार और नए नीलामी प्रारूपों की रचना के लिए सम्मानित किया गया।
   - पुरस्कार को अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में स्वीरिजेज़ रिस्कबैंक प्राइज़ इन इकोनॉमिक साइंसेज़ पुरस्कार भी कहा जाता है।
   - मिलग्रोम द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत ने सामान्य और निजी मूल्यों की गणना करने की अनुमति दी जो बोली लगाने वालों के बीच भिन्न होते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. फोर्ब्स इंडिया रिच लिस्ट 2020 में दूसरा स्थान किसने हासिल किया_________**गौतम अडानी।**

नोट:

- कोविड-19 महामारी, जिसने भारत को बहुत प्रभावित किया और एक तेज आर्थिक संकुचन में पहुंचा दिया, के बीच 2020 फोर्ब्स इंडिया रिच लिस्ट में देश के 100 सबसे अमीर लोगों में से आधे व्यक्तियों को लाभ हुआ।
- रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी, जो 13वें वर्ष सूची में सबसे ऊपर हैं, का उन लाभों में से आधे से अधिक योगदान है।

6. किस संगठन को भूख के खिलाफ लड़ाई में उसके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार 2020 दिया गया ________ **वर्ल्ड फूड प्रोग्राम।**

नोट:

- इस पुरस्कार में 10 दिसंबर को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि के अवसर पर ओस्लो, नॉर्वे में आयोजित होने वाले एक समारोह में 10 मिलियन क्रोन (1.1 मिलियन डॉलर) का नकद पुरस्कार और एक स्वर्ण पदक दिया जाता है। महामारी के कारण इस वर्ष का समारोह छोटे पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

खेल समाचार

1. जर्मनी के नूरबर्ग स्थित नुर्बुर्गिंग में आयोजित 2020 ईफेल ग्रैंड प्रिक्स किसने जीती________ **लुईस हैमिल्टन।**

नोट:

- यह हैमिल्टन की सीजन की 7वीं जीत और करियर की 91वीं जीत है, जो अब तक केवल माइकल शूमाकर ने हासिल की थी।
- मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल - नीदरलैंड) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद डैनियल रिकियार्डो (रेनॉल्ट, ऑस्ट्रेलिया) तीसरे स्थान पर रहे।

2. पुरुषों का 2020 फ्रेंच ओपन एकल खिताब किसने जीता ________**राफेल नडाल।**

नोट:

- यह उनका 13वां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब और 20वां ग्रैंड स्लैम खिताब है।
- स्पेन के खिलाड़ी ने नोवाक जोकोविच को पेरिस में कोर्ट फिलिप-चैटरियर में 2 घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-2, 7-5 से हराया।

3. महिलाओं का 2020 फ्रेंच ओपन एकल खिताब किसने जीता________**इगा स्विटेक।**

नोट:

- 54वीं रैंक वाली 19 वर्षीय स्विटेक मॉडर्न एरा में पिछले 14 ग्रैंड स्लैम में रोलांड गैरोस खिताब पर पहली बार कब्जा करने वाली नौवीं प्रमुख चैंपियन हैं।
- स्विटेक 28 वर्ष पूर्व मोनिका सेलेस के बाद सबसे युवा महिला फ्रेंच ओपन विजेता है।
- स्विटेक वर्ष 2012 विम्बलडन में एग्निएज़्का रैंडवांस्का के बाद ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी पोलिश महिला थीं।

4. 2020 जूनियर स्पीड ऑनलाइन चेस चैंपियनशिप किसने जीती__________**निहाल सरीन।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- खिताबी जीत ने 16 वर्षीय सरीन को 8,766 डॉलर की राशि दिलाई और उन्होंने 2020 के स्पीड चेस चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे।
- सरीन ने अमेरिका के एंड्रयू टैंग, ऑस्ट्रेलिया के एंटोन स्मिरनोव और अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसियन को हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

5. किस टीम ने नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (NBA) चैंपियनशिप 2020 जीती________**लॉस एंजिल्स लेकर्स।**

नोट:

- एक दशक पहले कोबे ब्रायंट के पांचवें और अंतिम खिताब के बाद एलए लेकर्स के लिए यह 17वीं और 2010 के बाद पहली NBA खिताबी जीत है।
- लेकर्स के लेब्रोन जेम्स को उनके करियर में चौथी बार NBA फाइनल मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (MVP) चुना गया।
- इसके साथ, वह लीग इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्हें तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी के साथ फाइनल में MVP चुना गया।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'देह वीचवा करणी' पुस्तक किस पूर्व केंद्रीय मंत्री की आत्मकथा है_______**बलासाहेब विखे पाटिल।**

नोट:

- डॉ. पाटिल की आत्मकथा का शीर्षक 'देह वीचवा करणी' है, जिसका अर्थ है 'अपना जीवन नेक काम के लिए समर्पित करना।'
- डॉ. पाटिल ने कई बार लोकसभा के सदस्य के रूप में कार्य किया। 2016 में 84 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

2. "खालिस्तान कॉन्स्पिरेसी" नामक पुस्तक किसने लिखी _______ **जी.बी.एस. सिद्धू।**

नोट:

- हार्पर कॉलिन्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक 24 अक्टूबर को विमोचित की जाएगी।
- इस पुस्तक की विषयवस्तु दो-चरणीय, अत्यंत गुप्त ऑपरेशन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उन्होंने "ऑपरेशन भिंडरांवाले-खालिस्तान" नाम दिया है। यह 1 अकबर रोड, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के आवासीय कार्यालय से संचालन करने वाले कुछ वरिष्ठ और प्रभावशाली कांग्रेस नेताओं द्वारा शुरू और प्रबंधित किया गया था।

विज्ञान एवं रक्षा

1. किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) ने 17 करोड़ रुपये का सुपरकंप्यूटिंग केंद्र स्थापित करने के लिए पुणे के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (C-DAC) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_______**IIT गुवाहाटी।**

नोट:

- समझौता पांच वर्ष की अवधि के लिए है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- 650 TFLOPS के साथ नया सुपरकंप्यूटर अधिक शक्तिशाली और तकनीकी रूप से बेहतर सुविधा है", जो वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- IIT-G का कंप्यूटर और संचार केंद्र पहले से ही '250 टीएफ' सुपर कंप्यूटर 'परम ईशान' से युक्त है।

2. अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT-H) के सहयोग से इंटेल इंडिया ने भारत के किस शहर में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान केंद्र स्थापित किया है_______**हैदराबाद।**

नोट:

- यह स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट मोबिलिटी खंड में चुनौतियों पर ध्यान देने के साथ भारतीय संदर्भ में जनसंख्या-स्तर की समस्याओं के लिए एआई समाधान लागू करेगा।
- यह केंद्र स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में भारत की जनसंख्या-स्तरीय चुनौतियों का समाधान करेगा।

3. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा किस मिसाइल का परीक्षण किया गया जो तकनीकी खराबी के कारण विफल रहा_______**निर्भय।**

नोट:

- मिसाइल में लॉन्च के 8 मिनट के अंदर इंजन की समस्या उत्पन्न हो गई।
- निर्भय पिछले 35 दिनों में भारत द्वारा परीक्षण की जाने वाली दसवीं मिसाइल थी।

4. स्वदेशी युद्धक ड्रोन जिसका रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा सफल परीक्षण किया गया____________**रुस्तम -2।**

नोट:

- रुस्तम -2 विभिन्न पेलोड संयोजनों को ले जाने में सक्षम है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक बुद्धिमत्ता प्रणाली, स्थितिपरक जागरूकता प्रणाली और सिंथेटिक एपर्चर रडार भी शामिल हैं।

5. किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) के सहयोग से ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) और छत्तीसगढ़ माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फेडरेशन द्वारा "टेक फॉर ट्राइबल्स" पहल शुरू की गई_________**IIT कानपुर।**

नोट:

- पहल का उद्देश्य उद्यमिता विकास, सॉफ्ट स्किल, सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और व्यवसाय विकास पर ध्यान देने के साथ आदिवासियों के समग्र विकास करना है।
- इस पहल के एक भाग के रूप में, TRIFED ने लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए IIT कानपुर, आर्ट ऑफ लिविंग बैंगलौर, TISS (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस) मुंबई, KISS (कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस) भुवनेश्वर, विवेकानंद केंद्र तमिलनाडु और SRIJAN (सेल्फ-रिलायंट इनीशिएटिव थ्रू ज्वाइंट एक्शन), राजस्थान जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के साथ भागीदारी की।

6. भारत की पहली स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल जिसका सुखोई -30 फाइटर जेट से सफल परीक्षण किया गया____________**रूद्रम 1।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- सुपरसोनिक मिसाइल को 0.6 मैक से 2 मैक की गति, अर्थात ध्वनि की गति से दोगुनी पर लॉन्च किया जा सकता है।
- इसे 500 मीटर से 15 किमी की ऊंचाई से लॉन्च किया जा सकता है। रुद्रम -1 भारत की पहली स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है।

--------------0--------------

gradeup

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co